**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>विश्वविद्यालय में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन–दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन</u>

पंतनगर। 13 जुलाई 2023। स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत मशरूम शोध एवं प्रशिक्षण केन्द्र पंतनगर में तीन–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का 13 से 15 जुलाई 2023 तक आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण में 21 प्रशिणार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के उद्घाटन कार्यक्रम में कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर, निदेशक शोध डा. ए.एस. नैन, संयुक्त निदेशक, मशरूम शोध एवं प्रशिक्षण केन्द्र डा. एस.के. मिश्र उपस्थित थे।

समारोह में डा. रावेरकर ने बताया की मशरूम हमारे तंत्र को स्वस्थ रखता है क्योंकि इसका उपयोग स्वस्थ्वर्धक होता है। डा. ए.एस.नैन ने वर्तमान परिस्थियों में मशरूम उत्पादन को बढावा देने की बात कही तथा इसके महत्व बताते हुए कहा कि कोरोना काल में मशरूम का सेवन प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिये किया गया था। डा. एस.के. मिश्र ने मशरूम उत्पादन में तकनीकी प्रयोग हेतु प्रशिक्षण के योगदान तथा महत्व के बारे में बताया। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने अपने संदेश में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु बधाई दी और उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह प्रशिक्षण उनके लिए लाभकारी सिद्ध होगा। इस कार्यक्रम में सर्वेश कुमार, प्रक्षेत्र सहायक एक्रिप मशरूम एवं विद्यार्थी भी उपस्थित थे।




*प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते वैज्ञानिक।*

**निदेशक संचार**